मैजिक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के महरौंडा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक मुबारक अली उर्फ जलेबी (६०) की बुधवार को सड़क हादसे में मौत हो गयी। जमखुरी ईदगाह के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मैजिक ने उनके



मृतक मुबारक अली की फाइल फोटो

ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुबारक अली को परिजन इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने मैजिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया है। बताया गया कि मुबारक अली बुधवार सुबह ई-रिक्शा लेकर धान

चालक के खिलाफ केस दर्ज

लेने के लिए जमखुरी जा रहे थे। जैसे ही वह जमखुरी ईदगाह के पास पहुंचे, सामने से आ रही मैजिक ने उनके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें निजी साधन से प्रयागराज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर महरौंडा गांव पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े बेटे अख्तर अली की तहरीर पर सिकंदरपुर बरडीहा निवासी मैजिक चालक शिकम पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने हादसे में प्रयुक्त मैजिक को सीज कर दिया है।

तीन घंटे चली समझौते की बातचीत, नहीं बनी बात

मुबारक अली की मौत की सूचना के बाद दोनों पक्षों के बीच करीब तीन घंटे तक समझौते को लेकर बातचीत चली। परिजनों के अनुसार, आरोपी पक्ष पांच लाख रुपये देने की बात कर रहा था, जिसमें एक लाख रुपये नकद और चार लाख रुपये उधार देने की बात थी। सहमति नहीं बनने पर परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया।मृतक के तीन पुत्र अख्तर अली, सलमान और जाकेद तथा तीन पुत्रियां नसरीन, परवीन और राजा बानो हैं। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी आसमां बानो सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि हादसे में प्रयुक्त मैजिक को सीज कर दिया गया है और मामले में विधिक कारर्वाई की जा रही है।



मऊआइमा में मृतक के रोते-बिलखते परिजन।

राशन कार्ड के लिए तहसील और पूर्ति कार्यालय का चक्कर लगा रहा दिव्यांग

मेजारोड (प्रयागराज)। शरीर से लाचार संतलाल पाल के लिए सरकारी राशन पाने की राह भी आसान नहीं है। मेजा थाना क्षेत्र के ओमान गांव निवासी दिव्यांग संतलाल राशन कार्ड बनवाने के लिए कभी तहसील तो कभी पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रहा है। पैरों में परेशानी के बावजूद परिवार के भरण-पोषण के लिए वह अधिकारियों की चौखट तक पहुंच रहा है, लेकिन अब तक राशन कार्ड नहीं बन सका।

आर्थिक रूप से कमजोर संतलाल का कहना है कि वह कई बार अपनी समस्या अधिकारियों के सामने रख

अधिकारियों के आश्वासन पर टिकी उम्मीद


चुका है। हर बार कारर्वाई का भरोसा मिला, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। राशन कार्ड नहीं होने के कारण परिवार सरकारी खाद्यान्न योजना के लाभ से भी वंचित है।मामला संज्ञान में आने पर बीडीओ अमित सिंह ने बताया कि प्रकरण की जानकारी है। जल्द ही मामले को दिखवाकर राशन कार्ड बनवाने की कारर्वाई करायी जाएगी। वहीं पूर्ति निरीक्षक अजय मिश्रा ने बताया कि अंत्योदय कार्ड के लिए पात्रता जरूरी है। संतलाल को बीडीओ के पास भेजकर आवश्यक लेटर जारी कराने के लिए कहा गया है। लेटर मिलते ही नियमानुसार राशन कार्ड बनवाने की कारर्वाई की जाएगी। अब संतलाल की उम्मीद अधिकारियों के आश्वासन पर टिकी है। उसकी गुहार कब सरकारी सुविधा का हक दिलाती है, यह देखना बाकी है।

कुपात्र को दान देने से दानदाता भी पाप का भागीदार-पुरी शंकराचार्य

बोले- श्रद्धा और विवेक के साथ सुपात्र को दिया गया दान ही पुण्यकारी

झूंसी (प्रयागराज)। पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि दान सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। दान से मनुष्य के अंत:करण की शुद्धि होती है और यही शुद्धि मोक्ष की प्राप्ति में सहायक बनती है। हालांकि दान हमेशा सुपात्र व्यक्ति को ही देना चाहिए। कुपात्र को दिया गया दान दानदाता के लिए भी पाप का कारण बन सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दान देने के बाद वह धन या संसाधन का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से धर्मविरुद्ध आचरण में उपयोग करता है तो उससे होने वाले पाप में दानदाता भी सहभागी माना जाता है। ऐसे कर्म का दंड उसे भी भोगना पड़ सकता है। इसलिए सनातन धर्म में दान के साथ पात्रता को विशेष महत्व दिया गया है। श्रद्धा और विवेक के साथ सुपात्र को दिया गया दान ही वास्तविक रूप से पुण्यकारी होता है।



जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती।

शंकराचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा और उसके मूल सिद्धांतों के पालन को समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपरा सनातन मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को संगठित होकर धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ना होगा। इस अवसर पर शंकराचार्य के निज सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, प्रफुल्ल ब्रह्मचारी, हृषिकेश ब्रह्मचारी, कैलास आश्रम ट्रस्ट के स्वामी कृष्णानंद जी महाराज सहित परमानंद आश्रम के वेदपाठी ब्राह्मण मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया।

किसानों को दी वैज्ञानिक खेती की जानकारी, उन्नत बीज वितरित

शंकरगढ़ के राजकीय बीज गोदाम में मिनीकिट कार्यक्रम का आयोजन

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग की ओर से मिनीकिट कार्यक्रम के तहत किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गयी। राजकीय बीज गोदाम में किसानों को तोरिया के प्रमाणित एवं उन्नत बीज वितरित किये गये।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अच्छी पैदावार के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज के साथ समय पर बुवाई, उचित बीजोपचार तथा खाद और उर्वरकों का संतुलित प्रयोग जरूरी है। फसल को रोग और कीटों से बचाने के लिए नियमित रूप से खेतों की निगरानी करने की सलाह भी दी गयी।बीज गोदाम प्रभारी राहुल बागरी ने किसान मंगला प्रसाद, भगवत प्रसाद, विपिन कुमार, नरेंद्र कुमार सहित अन्य किसानों को बीज वितरित किए।

उन्होंने कहा कि प्रमाणित बीज के प्रयोग से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार किया जा सकता है। मिनीकिट कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना है।

उन्होंने किसानों से कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार खेती करने और फसल में किसी तरह की समस्या आने पर समय से कृषि विभाग को जानकारी देने की अपील की।

किसानों ने उपलब्ध कराये गये बीज और कृषि संबंधी जानकारी को उपयोगी बताया।

डिग्री कालेज उपरदहा की साधना क्रास कंट्री में अव्वल

बरौत (प्रयागराज)। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालयीय क्रास कंट्री एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में डिग्री कालेज उपरदहा, बरौत के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। क्रास कंट्री की १० किलोमीटर स्पर्धा में महाविद्यालय की छात्रा साधना ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्णिम सफलता दर्ज की। वहीं बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिद्धार्थ राज ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही महाविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। शिक्षकों और महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के संरक्षक डा. घनश्याम सिंह, प्रबंधक विनोद कुमार सिंह (अशोक), निदेशक विवेक कुमार सिंह एवं प्राचार्य डा. धीरज कुमार सिंह ने साधना और सिद्धार्थ राज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को उचित मंच और प्रोत्साहन मिलने से युवा अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं।

इस अवसर पर डा. अनिल पांडेय, डा. संतोष सिंह, डा. सुमित कुमार सिंह, रमाशंकर यादव, चरणजीत यादव, लाल साहब सहित शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की उपलब्धि की जानकारी क्रीड़ा सचिव आनंद कुमार यादव ने दी।



क्रास कंट्री की विजेता को ट्राफी देते विद्यालय प्रबंधतंत्र के लोग।

जामुनका पेड़ काटने पहुंचे मजदूरों को लंगूर ने रोका

आरा लेकर मजदूर लौटे, ग्रामीणोंने भगाने के लिए पटाखे फोड़े और गुलेल चलायी

मऊआइमा (प्रयागराज)। गोवर्धनपुर गांव में मंगलवार को जामुन का पेड़ काटने पहुंचे मजदूरों को एक लंगूर ने रोक दिया।

मजदूरों ने जैसे ही पेड़ की डालियों पर आरा चलाना शुरू किया, लंगूर पेड़ पर पहुंच गया और आरा पकड़कर उन्हें दौड़ा दिया। कई प्रयास के बावजूद लंगूर पेड़ से नहीं हटा। घंटों चले इस घटनाक्रम के बाद मजदूर आरा लेकर लौट गये।गांव निवासी राम सजीवन पटेल के घर के बगल में जामुन का पेड़ है। उसकी डालियां घर की छत तक पहुंच गयी हैं। राम सजीवन के अनुसार, पेड़ के सहारे विषैले जीव-जंतु छत के रास्ते घर में प्रवेश कर जाते हैं। इसी कारण उन्होंने पेड़ की डालियां कटवाने के लिए मजदूर बुलाये थे। मजदूरों ने कुछ डालियां काटने के बाद जैसे ही आरा चलाया, लंगूर पेड़ पर पहुंच गया और उन्हें रोकने लगा। ग्रामीणों ने उसे भगाने के लिए पटाखे फोड़े और गुलेल भी चलाई, लेकिन वह काफी देर तक पेड़ पर डटा रहा। आखिरकार मजदूरों को काम अधूरा छोड़कर लौटना पड़ा। लंगूर के इस व्यवहार से प्रभावित होकर राम सजीवन ने भी पेड़ कटवाने का फैसला टाल दिया। उनका कहना है कि संभव है यह पेड़ लंगूर का आशियाना हो और इसी वजह से वह इसे बचाने के लिए पेड़ से हट नहीं रहा था। घटना के बाद गांव में लंगूर और जामुन का पेड़ चर्चा का विषय बने हुए हैं।

ग्रामीण जीवन और स्वरोजगार का अध्ययन करने मांडा पहुंचे दिल्ली के छात्र

मांडा (प्रयागराज)। लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, द्वारका, नई दिल्ली के ८० छात्र-छात्राओं का दल रूरल इमर्शन कार्यक्रम के तहत मांडा पहुंचा। विद्यार्थियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थानीय जीवनशैली, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न पहलुओं को करीब से समझा।

दल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), मांडा का भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का भी जायजा लेकर ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था, बाल विकास एवं आंगनबाड़ी सेवाओं के संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय कालीन उद्योग से जुड़े व्यवसायियों से मुलाकात की।

उन्होंने कालीन निर्माण की प्रक्रिया, विपणन, रोजगार, कौशल विकास तथा स्वरोजगार की संभावनाओं को समझा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामीण जीवन और विकास की वास्तविक परिस्थितियों को नजदीक से जाना।



मऊआइमा में पेड़ के पास बैठा लंगूर।

नैनी में रामलीला मैदान की बाउंड्रीवाल गिरायी

नैनी (प्रयागराज)। नैनी स्थित चीनी मिल रामलीला मैदान की बाउंड्रीवाल को अज्ञात लोगों द्वारा गिराये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों में आक्रोश है। कमेटी

कमेटी ने थाने में दिया शिकायती पत्र

ने थाना नैनी में प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कारर्वाई की मांग की है।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विनय जायसवाल बाबा, पूर्व पार्षद, और महामंत्री राहुल जायसवाल, पत्रकार, ने थाना प्रभारी नैनी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मंगलवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने रामलीला मैदान की बाउंड्रीवाल गिरा दी। जानकारी होने पर कमेटी के पदाधिकारियों ने तत्काल बाउंड्रीवाल की मरम्मत कराकर उसे दोबारा बनवाया। कमेटी के अनुसार, बुधवार सुबह पदाधिकारी जब मैदान पहुंचे तो बाउंड्रीवाल फिर से गिरी मिली। इससे कमेटी पदाधिकारियों को आशंका है कि कोई व्यक्ति या कुछ लोग जानबूझकर बाउंड्रीवाल को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। कमेटी ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर बाउंड्रीवाल गिराने वालों की पहचान करने और उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कारर्वाई की मांग की है।



रामलीला मैदान की क्षतिग्रस्त दीवार।

बीआरसी में तीन दिवसीय आंगनबाड़ी प्रशिक्षण संपन्न

शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के चिन्हांकन एवं दिव्यांगता से बचाव के गुर सीखे

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा ब्लाक संसाधन केंद्र (बीआरसी) हरिसेनगंज में आयोजित तीन दिवसीय कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान ३० आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को उनके केंद्रों पर नामांकित ० से ५ वर्ष तक के बच्चों के चिन्हांकन, दिव्यांगता के कारणों, समय रहते बचाव के उपायों एवं उनकी समुचित देखभाल के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में संदर्भदाता अजय कुमार, कुसुमा द्विवेदी, प्रेमलता, मनीषा तिवारी, मधूरानी, आशा देवी, निर्मला, अनीता, रेखा आदि ने प्रतिभाग कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर प्रशिक्षित किया।



मऊआइमा के हरिसेनगंज स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर प्रशिक्षण समाप्ति के बाद उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां।

छात्रोंने जाना वन्यजीव संरक्षणका महत्व

शुआट्स में वाइल्डलाइफ वीक-२०२६ का आयोजन

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलाजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज के कालेज आफ फारेस्ट्री की ओर से २ से ८ अक्टूबर तक वाइल्डलाइफ वीक-२०२६ का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'कनेक्टिंग हैबिटैट्स, थ्राइविंग वाइल्डलाइफ' रही। सप्ताहभर चले आयोजन में विद्यार्थियों के लिए वन्यजीव संरक्षण और सतत प्रबंधन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. (डा.) बिपाशा डेकी के स्वागत संबोधन से हुई। डा. योजना लाल ने भारतीय बायोडायवर्सिटी की समृद्ध विरासत और जैविक हाटस्पाट के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. (डा.) बी. मेहरा ने कहा कि देश की जैव विविधता और वन्यजीव संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि मानव जीवन भी प्रकृति और वन्यजीव संसाधनों पर निर्भर है। उन्होंने विद्यार्थियों को फील्ड आधारित अध्ययन और शोध के माध्यम से वन्यजीव व्यवहार तथा संरक्षण की चुनौतियों को समझने के लिए प्रेरित किया।

कालेज आफ फारेस्ट्री की डीन प्रो. (डा.) नीलम खरे ने भारत की समृद्ध जैव विविधता विरासत पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

विभागाध्यक्ष प्रो. (डा.) अफाक मजीद वानी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया। उन्होंने वन्यजीवों को स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए हैबिटैट प्रोटेक्शन, वैज्ञानिक वन्यजीव प्रबंधन, सामुदायिक भागीदारी और मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने पर जोर दिया। सप्ताहभर विद्यार्थियों के लिए क्विज, ड्राइंग, शार्ट वीडियो, फोटोग्राफी तथा वैज्ञानिक/जूलाजिकल नाम लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों प्रो. अफाक मजीद वानी, प्रो. नीलम खरे, प्रो. एस. जे. राज, प्रो. सत्येंद्र नाथ, प्रो. बिपाशा डेकी, प्रो. हर्ष पालिवाल, डा. अमित लार्किन, डा. योजना लाल, डा. अभिषेक जेम्स, डा. समीर डेनियल, डा. ए. जान, डा. इबा, डा. मोहम्मद समीर और अनूप कुजूर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



शुआट्स में वाइल्डलाइफ वीक-२०२६ कार्यक्रम में मौजूद लोग।

सड़क पर गिरा आईफोन दो युवक लेकर फरार

सोरांव (प्रयागराज)। थाना क्षेत्र के ददौली गांव के पास सड़क पर गिरा आईफोन दो अज्ञात युवक लेकर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पर सोरांव पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिसेनगंज निवासी संजय निर्मल का पुत्र करन निर्मल २४ सितंबर को छोटे भाई अरुण को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। दोपहर करीब १२:३० बजे दोनों प्रयागराज-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर ददौली गांव स्थित सुरेश स्वीट हाउस पर नाश्ता करने रुके। नाश्ता करने के बाद बाहर निकलते समय करन की जेब से आईफोन सड़क पर गिर गया।

आरोप है कि इसी दौरान दो अज्ञात युवक बाइक से पहुंचे और सड़क पर पड़ा मोबाइल उठाकर स्प्लेंडर बाइक से गधिना-पसियापुर मार्ग की ओर भाग निकले। करन के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गये। सूचना पर डायल ११२ पुलिस भी पहुंची और थाने में शिकायत करने की बात कहकर चली गयी। इसके बाद करन के पिता संजय निर्मल ने सोरांव थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जमीन विवाद में थाना परिसर में पुलिस के सामने सगे भाइयों की पिटायी

मामले में आठ नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

फाफामऊ (प्रयागराज)। मोरहूं गांव में जमीन को लेकर चल रहे विवाद में शिकायत करने फाफामऊ थाने पहुंचे एक पक्ष के लोगों की दूसरे पक्ष के लोगों ने थाना परिसर में ही पिटाई कर दी।

घटना के दौरान पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद थे। मारपीट की पूरी घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित की तहरीर पर आठ नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोरहूं गांव निवासी मुकेश कुमार का कमलेश दुबे पक्ष से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मुकेश का आरोप है कि विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का न्यायालय का आदेश होने के बावजूद दूसरे पक्ष के लोग वहां निर्माण करा रहे थे। इसकी शिकायत करने वह अपने भाइयों के साथ फाफामऊ थाने पहुंचे थे। आरोप है कि थाने में पहले से मौजूद कमलेश दुबे पक्ष के लोगों ने पुलिसकर्मियों के सामने ही मुकेश और उनके भाइयों पर हमला कर दिया। मारपीट में मुकेश और उनके दो भाई घायल हो गये। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह हस्तक्षेप कर मारपीट कर रहे लोगों को वहां से हटाया। पुलिस ने मुकेश की तहरीर पर कमलेश दुबे, मिथिलेश दुबे, कौशलेन्द्र, प्रंज्वल दुबे सहित आठ लोगों और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच कर रही है।

कौशल विकास योजना से ग्रामीण छात्राओं को मिल रहा रोजगार का हुनर

लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में हेल्थ केयर और कंप्यूटर ट्रेड की कक्षाएं संचालित

धरवारा (प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कौशल विकास योजना के तहत लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज, धरवारा में ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विद्यालय में वर्तमान में हेल्थ केयर और कंप्यूटर ट्रेड की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। योजना का उद्देश्य छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है।

विद्यालय की प्रशिक्षित शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हेल्थ केयर का प्रशिक्षण निहारिका शर्मा, कंप्यूटर की कक्षाएं दीपांजलि पांडेय और नर्सिंग का प्रशिक्षण पूजा सिंह दे रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को संबंधित क्षेत्र की बुनियादी जानकारी के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी कराया जा रहा है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं में सुष्मिता गुप्ता, सुहानी विश्वकर्मा, रूपा देवी, आंचल सिंह और निकिता रजक सहित अन्य छात्राएं उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रही हैं। छात्राओं का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से उन्हें भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर तलाशने में मदद मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि कौशल विकास योजना से छात्राओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले सत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम को और विस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४४)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

वीरकाजी गांव में कबड्डी प्रतियोगिता का होगा आगाज

जन संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुरुवार को भिड़ेंगी महिला एवं पुरुष टीमें; विजेताओं को मिलेंगे नकद पुरस्कार

फूलपुर (प्रयागराज)। फूलपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत वीरकाजी गांव में जन संघर्ष समिति के तत्वावधान में विशाल महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया जाएगा। इसके तहत प्रथम विजेता (विजेता टीम) को १० हजार रुपये नकद एवं द्वितीय विजेता (उपविजेता टीम) को ८ हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए संरक्षक हरिओम प्रकाश ने बताया कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने और खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से इस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें आसपास के कई गांवों और जनपदों की टीमें भाग लेंगी।

सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत, मुकदमा दर्ज

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी करीब ८० वर्षीय रामराज गौड़ की सड़क हादसे में मौत हो गयी। सियाडीह बाजार के पास साइकिल से जा रहे रामराज को पीछे से आए अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराये गये रामराज की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार, सात अक्टूबर को रामराज गौड़ साइकिल से पान का पत्ता बेचने के लिए बाजार जा रहे थे। सियाडीह बाजार के पास पहुंचते ही पीछे से आए अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। रामराज के पुत्र केशव प्रसाद गौड़ ने हंडिया थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कारर्वाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना उपनिरीक्षक धीरज प्रजापति को सौंपी गयी है। पुलिस अज्ञात बाइक चालक की पहचान के लिए जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।